होंगे कि जब तक यह कानून बनेगा उस दिन तक हम रहेंगे या नहीं रहेंगे। पिछले 8-10 सालों से इस देश में ऐसी स्थिति आ गई है कि सरकार जो सोचती है, वह कर नहीं पा रही है। इच्छा शक्ति का अभाव हो गया है सरकार में और दूसरा ईमानदारी नहीं रह गई है। जो जिम्मेदारी ली है उत्पादन करने की, वितरण करने की और पारेषण करने की, यह लोग अपने उत्तरदायित्व का ईमानदारी से निर्वाह नहीं कर पा रहे हैं। आज सरकार को इन सब बातों पर गम्भीरता से सोचना पड़ेगा। हम स्वर्ण जयन्ती मना रहे हैं, हमारी आजादी को 50 साल हो गये हैं लेकिन सब गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं। मंत्री जी आंकड़े बतलाएंगे कि देश में कितने गांवों का अब तक विद्युतीकरण किया गया। लाइनें खींच दी गई विद्युतीकरण के नाम पर, खम्भे गाड़ दिये गए हैं, लेकिन गांव में बिजली नहीं है। (व्यवधान)

मौलाना ओबेदुल्ला खान आज़मी: दिल्ली में भी बिजली नहीं है।

†شری عبید اللہ خان اعظمی: دہلی میں بھی بجلی نہیں ہے

श्री ईश दत्त यादव: महोदय, ठीक कह रहे हैं ओबैदुल्ला खान साहब कि दिल्ली में भी बिजली की सप्लाई नहीं हो रही है। मैं एक रिपोर्ट देख रहा था।

6.00 P.M.

दिल्ली में सबसे ज्यादा बिजली की चोरी हो रही है। यह माननीय ऊर्जा मंत्री की भी जानकारी में होगा। लेकिन माननीय ऊर्जा मं . जी के लिए भी दुष्कर होगा। यहां चोरी कोई साधारण आदमी नहीं कर रहा है। झुग्गी झोपडी में रहने वाला आदमी चोरी नहीं कर रहा है ....(समय की घंटी)

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): ईश दत्त यादव जी, आपके लिए 7 मिनट थे और आप 7 मिनट बोल चुके हैं। 6 बजे हमारी लिस्ट आफ बिजनेस के मुताबिक हाफ एन आवर शुरू करना है। आप एकाध मिनट में खत्म कर दें।

श्री ईश दत्त यादव: ठीक है, उपसभाध्यक्ष जी, आपका जो आदेश है उसका मैं पालन करूंगा।

उपसभाध्यक्ष श्री मोहम्मद सलीम: आपका समय तो हो चुका है। आप आधे-एक मिनट में खत्म कर दें।

श्री ईश दत्त यादव: ठीक है, उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपके आदेश का पालन करूंगा।

उपसभाध्यक्ष श्री मोहम्मद सलीम: वरना आप बाद में बोल लें हाफ एन आवर डिसक्शन के बाद, अगर बहुत कुछ बोलना है।

श्री रामदास अग्रवाल: दिल्ली के अंधेरे पर बोल दीजिए।

श्री ईश दत्त यादव: माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आप सब लोगों की जो राय है वह मेरी भी राय है। संजय निरूपम जी और सब लोग कह रहे हैं कि इस देश के अंदर बिजली की बहुत बड़ी दुर्व्यवस्था है। सभी लोगों की यही राय है। माननीय मंत्री जी आप विधेयक ले आए हैं मैं आपसे पुन: निवेदन करूंगा हमारी कोई ऐसी मंशा है कि आपकी सरकार चले, आप रहें और अगर आप रह जाते हैं तो मेरे इन सुझावों पर आप गंभीरता से विचार करें।

इस बिल को आप वापस ले लीजिए। उत्पादन, पारेषण और वितरण, इन तीनों के बारे में एक कंप्रीहेंसिव बिल आप लाइए। अगर तीनों के बारे में एक कम्प्रीहेंसिव बिल आप ले आएंगे तो सही मानों में देश में विद्युत की समस्या हल हो सकती है और हमारा देश आगे बढ़ सकता है। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपने समय दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद।

HALF-AN-HOUR DISCUSSION

Points arising out of answer to starred Question No. 281 Given on 6th July, 1998 Regarding Piling up of Steel at S.A.I.L.

श्री रामदास अग्रवाल (राजस्थान): उपसभाध्यक्ष महोदय, तारांकित प्रश्न संख्या 281 जब यहां सदन में प्रस्तुत हुआ था तो सभापति महोदय ने आधे घंटे के डिसकशन के लिए अनुमति दी थी। मैं उसी संदर्भ में कुछ बातें आपके सामने रखना चाहता हूं। उपसभाध्यक्ष जी, इस समय स्टील इंडस्ट्री पर काले बादल मंडराए हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों से डिमांड में बहुत कमी होने के कारण

माल का उठाव नहीं है। पिछले वर्षों में कास्ट आफ प्रोडक्शन बढ़ जाने के कारण बाजार में कंपीटिव प्राइसेज में बेचना संभव नहीं हो रहा है। इम्पोर्टिड मेटीरियल उदारीकरण की नीति के फलस्वरूप भारत में आ गया है। उससे भी प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो रहा है। हमारे यहां पर स्टील प्लांट्स के एक्सपेन्शन हुए। हम सोचते थे कि स्टील प्लांट्स का एक्सपैंशन 3-5 साल में पूरा होगा। उसके बजाए वे 5 से 10 साल के बाद पूरे हुए। हम सोचते थे कि स्टील प्लांट्स के एक्सपैंशन में दुर्गापुर स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट का एक्सपैंशन होगा, माडर्नाइजेशन होगा, उत्पादन बढ़ेगा और कीमतें कम होंगी। उत्पादन क्षमता बढ़ने के साथ कास्ट आफप्रोडकशन कम होना चाहिए। लेकिन महोदय, मैं आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं कि स्टील मंत्रालय, "सेल" ये सब होने के बावजूद हमारे देश की इंडस्ट्री की यह हालत हो गयी। उदाहरण के तौर पर मैं आपसे निवेदन करता हूं कि दुर्गापुर स्टील प्लांट का एक्सपैंशन, माडर्नाइजेशन 2068 करोड़ रुपए के लिए तय किया गया था, जब प्लान किया गया था। जब माडर्नाइजेशन कंप्लीट हुआ तो उस समय इसकी कास्ट आई 4870 करोड़ रुपए। महोदय, इसी प्रकार से राउरकेला स्टील प्लांट की 2400 करोड़ रुपए के बजाए जब प्लान कंप्लीट होगा तो कास्ट आएगी 5112 करोड़ रुपए। हमारे यहां पर कास्ट बढ़ती जा रही है। एक्सपैंशन में ओवर रन हो रहा है टाइम और कास्ट में।

अब अगर आपको दुनिया के दूसरे देशों से प्रतिस्पर्धा करनी है आज की उदारीकरण की नीति के समय में, तो आप इन सारी अपनी कमियों के आधार पर दुनिया के देशों से कैसे कम्पीट करेंगे? दूसरी जगहों पर स्टील प्लांट में टोटल स्टील प्लांट नीचे नींव से ले करके और स्टार्टिंग प्वायंट तक तीन से पांच साल से ज्यादा समय कहीं नहीं लगाता, हमारे यहां पर माडर्नाइज़ेशन में 5 से 10 साल का समय लगता है, तो आप कैसे कंपीट करेंगे? जो हालत आज होनी थी वहीं हुई है। इसमें आपके पास कोई च्वाइस नहीं है। मुझे हमदर्दी सिर्फअपने मंत्री जी से है क्योंकि वह बेचारे अभी आए हैं। इनके कार्यकाल में न तो कोई स्टील प्लांट लगा, न इनके कार्यकाल में कोई स्टील प्लांट का माडर्नाईज़ेशन हुआ। इनको तो अब 'करे कोई और भरे कोई' वाला हिसाब है। इनको जवाब देना पड़ेगा। पिछले जो महानुभाव रहे होंगे उनके कार्यक्रमों के द्वारा जो ढील बरती गई, जो उसमें कठिनाइयां पैदा की गईं, कुछ जान-बूझ कर हुई कुछ बिना जान-बुझ कर हुई होंगी, लेकिन हुई जरूर, उसके कारण आज स्टील इंडस्ट्री की हालत खराब है। यह हम सब को साफ-साफ दिखाई देता है और यह क्योंकि बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा था, इसलिए हॉफएन ऑवर डिसकशन इस पर रखा गया था।

महोदय, मैं केवल दो बातें आपके सामने रखना चाहता हूं। पहली बात तो यह है कि स्टील इंडस्ट्री का नफा अर्थात् प्राफिट 1997-98 में 134 करोड़ रह गया जो कि 1996-97 में 515 करोड़ था और इसके पहले वर्ष में 1995-96 में यह 1300 करोड़ रुपये से ज्यादा था। इसी से हम देख सकते हैं कि इन पिछले तीन वर्षों में हमारे स्टील प्लांट्स की दुर्दशा किन कारणों से हुई। उनकी व्याख्या तो हमारे मंत्री महोदय करेंगे, लेकिन मैं इस बात को मानता हूं कि पिछले समय में जो मंदीवाड़ा इस देश में आया है आर्थिक क्षेत्र में और कंस्ट्रकशन के क्षेत्र में, स्टील का उत्पादन बढ़ा लेकिन स्टील की खपत कम हो गई, और उसी के कारण स्टील की इंडस्ट्री में इस प्रकार की दुर्दशा पैदा हुई। मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि यह दुर्दशा तो हुई, लेकिन इस दुर्दशा को रोकने के लिए हमारी सरकार क्या प्रयास करने वाली है जिससे कि स्टील इंडस्ट्री के अंदर इस समय जो संकट के बादल छाए हैं हम उसको हटा सकेंगे, यह मेरे प्रश्न का पहला भाग है जो मैं माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं?

महोदय, मैं दूसरी बात और जानना चाहता हूं कि इस समय उदारीकरण नीति के आधार पर इंपोर्ट हो रहा है और दुनिया के बाजार से कंपीट करना पड़ता है और उसमें हमारा स्टील का जो उद्योग है शायद उनका सामना नहीं कर सकेगा। तो क्या इस प्रकार की परिस्थिति बनी रहेगी, इंपोर्टेड स्टील सस्ता रहेगा और भारत का पैदा किया हुआ स्टील महंगा रहेगा? और जब बाज़ार में बेचने जायेंगे तो आपको अपनी प्राइस से, कास्ट प्राइस से कमती में या जो प्राइस आपने फिक्स की है उससे कमती में आपको बेचने के लिए बाध्य होना पड़ेगा? क्योंकि मैं जानता हूं कुछ उदाहरण सामने आए हैं कि जब सेल ने अपने मैटीरियल को कंसैशनल रेट पर मार्केट में बेचा है। यह उनकी मजबूरी हो सकती है। यह उनकी और मार्केट की आवश्यकता हो सकती है। लेकिन यह परिस्थिति इंपोर्टेड स्टील के आने के कारण पैदा हुई है। मैंने पहले भी एक बार, जब मैं सदन में वित्त विधेयक पर बोल रहा था, तो उस समय भी मैंने वित्त मंत्री जी का ध्यान आकर्षित किया था कि हमारे लिए आज यह आवश्यक है कि हम दो बातों पर ध्यान दें। हजारों करोड़ रुपया, लाखों करोड़ रुपया जो हमने अपनी इंडस्ट्री में लगाया है उसको हम बर्बाद होने से बचाएं। केवल बाहर से माल आकर इस देश में बिके, सस्ता बिके और हमारा माल महंगा हो और बिके नहीं। बिके तो फिर कास्ट से कमती में बेचना पड़े, नुकसान उठा कर बेचना पड़े तो हमारे देश के उद्योग की क्या हालत होगी, वह हम सब अपनी आंखों से इस समय देख रहे है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि आपने

एंटी डंपिंग ड्यूटी अथवा इंपोर्ट ड्यूटी ज्यादा लगा कर इस प्रकार से इस नुकसान से, देश को बचाने के लिए आपने क्या प्रयास किए हैं? किए हैं, तो आप कृपा कर बताने का कष्ट करें।

दूसरा एक और सवाल बीच में खड़ हुआ था कि इस उद्योग में 6 लाख लोग काम करते हैं। मेरी जानकारी में यह बात आई है कि इसमें ओवर स्टॉफिंग है और मुझे ऐसा लगता है कि शायद चार लाख लोगों से काम चल सकता है। इसमें दो लाख लोग ज्यादा हैं, जबकि हमारे यहां पर दो लाख आदमियों को आप किसी प्रकार से हटा नहीं सकते, आप किसी को अनएंप्लोइ नहीं कर सकते और न मैं कोई सुझाव दे रहा हूं कि आप उनको नौकरी से हटाएं, लेकिन यह जो समस्याएं आपके सामने हैं, आप इनका क्या समाधान करेंगे? क्या नुकसान उठाते चले जाएंगे क्योंकि स्टील डिपार्टमेंट ने जो फिगर्स दिए हैं, यह हमारे लिए आकर्षक भी हैं और बहुत पश्चाताप के भी हैं।

"Investment per tonne of steel in SAIL, vice-versa other steel producers in Asia and its investment performance."

महोदय, इस संबंध में हम स्टील का नेट प्रोफिट टू इनवेस्टमेंट देखें तो वर्ष 1996-97 में यह 2.9 परसेंट है जबकि टिस्को का रिटर्न 7.7 परसेंट है। यहीं पर गैप स्पष्ट दिखाई देता है कि स्टील 2.9 परसेंट पर काम करता है जबकि टिस्को का रिटर्न 7.7 परसेंट है। इसी से अंदाजा लगता है कि सेल में किस प्रकार की इन-एफीसिएंसी से काम हो रहा होगा और किस प्रकार से उसमें कॉस्ट बर्डन बढ़ता जा रहा है। यह मेरे प्रश्न का तीसरा भाग है। चौथा प्रश्न मंत्री महोदय के सामने मैं यह रखना चाहता हूं कि कॉस्ट ओवर रन या टाइम ओवर रन जो होता है, उसकी जिम्मेदारी किस पर है? आप कहेंगे कि आप की नहीं है क्योंकि आप उस वक्त मंत्री नहीं थे, जो और सेल की अथॉरिटीज होंगी, वह कहेंगे कि मैं तो चैयरमेन दो साल से हूं, मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। सेक्रेटरी कहेगा कि मैं दो साल पहले सेक्रेटरी बना हूं, मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। अब इसमें कॉस्ट रन जो हुआ, उसकी जिम्मेदारी पिछले और उसके पिछले पर जाती है। महोदय, इस तरह का प्रश्न हमारे सामने खड़ा हो गया है कि क्या कहीं कोई सीमा तय की जाएगी? क्या कॉस्ट ओवर-रन और कैपिटल ओवर रन इसी प्रकार होता रहेगा? महोदय, न केवल स्टील के बल्कि उदाहरण के तौर पर देखें तो बहुत सारे उद्योग मिल जाएंगे जहां कि इस तरह के कारण की वजह से उद्योग संकट में आ गया। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि स्टील इंडस्ट्री को इस संकट से बचाने के लिए जो पिछली कार्यवाहियां हुई हैं या कॉस्ट ओवर-रन हुआ है, इ स संबंध में जानकारी देंगे? वह किस कारण से हुआ शायद उसकी जानकारी तो आपको मिल गयी होगी, लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि क्या आप कोई इफेक्टिव एक्शन लेने की तैयारी कर रहे हैं? क्या जिन लोगों ने इस इंडस्ट्री को इस प्रकार से कॉस्ट ओवर-रन कर दिया है, कैपिटल ओवर-रन कर दिया है.....

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): यहां भी टाइम ओवर रन हो जाएगा।

श्री रामदास अग्रवाल: क्या उन लोगों के ऊपर आप कोई एक्शन लेने की तैयारी कर रहे हैं? क्या सब को "स्कॉट फ्री" कर दिया जाना चाहिए? कोई जिम्मेदारी, कोई रिस्पांसिबिलिटी और कोई एकाउंटेबिलिटी नहीं होनी चाहिए? महोदय, बिना एकाउंटेलिबिलिटी के ही आज इस देश में यह दुर्दशा हुई है।

इसलिए मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि आप इस बारे में बड़ी गंभीरता से विचार करें और जो लोग, मानो इस में दोषी पाए जाते हैं, उन के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए भी सरकार को कमर कसनी पड़ेगी ताकि भविष्य में कोई भी उद्योग-धंधा केवल इस कारण से अपनी उत्पादन क्षमता को खत्म न कर दे या अपनी कॉस्ट को बढ़ा न दे।

महोदय, मैं चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी मेरे इन कुछ प्रश्नों का उत्तर दें। निरूपम जी ने यह बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया था, मैं उन का आभारी हूं और आप ने मुझे समय दिया, उस के लिए मैं आप को भी धन्यवाद देता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN: (SHRI MD. SALIM) Now, Mr. Minister's reply.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Sir, let all questions be asked and then the hon. Minister may reply.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): No it is not the practice here. Mr. Minister you may reply, otherwise there will not be questios, there will be speeches.

THE MINISTER OF STEEL (SHRI NAVEEN PATNAIK): Sir, before I reply to the hon. Member's question, I may tell you what the new Government has been trying to make the future of steel sector more

optimistic. It is the policy of this Government that a great deal of work be done in infrastructure. When it comes—it will be the thrust of this Government—you will see that a great deal of steel will be consumed in the infrastructure sector—oil refinaries, bridges, ports, thermal stations, and factories, in which steel is consumed.

Also, Sir, this Government intends to build two million houses both in the urban and in the rural sector. In this area too a great deal of steel will be consumed. It is a push that my Ministry is trying to make to find new markets for steel in the rural areas which have such a vast capacity or vast rural population ...*(Interruption)*...

श्री संजय निरूपम (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष जी, आप मंत्री महोदय को निर्देश दें कि स्पीच नहीं देना है। समय बहुत कम है और सवाल बहुत ज्यादा हैं। यह जो भाषण दे रहे हैं मंत्री महोदय, वह हम सब जानते हैं, हमारे पास इसकी सारी जानकारी है कि बहुत सारे घर बनाने हैं, यह करना है, वह करना है। यह स्टील का इस्तेमाल कहां होना है, कहां नहीं होना है, इसके बारे में हम सब जानते हैं। जो सवाल माननीय रामदास अग्रवाल जी ने उठाए हैं, उन सवालों का ही आप जवाब दें ताकि हम फिर आगे अपने सवाल रखें।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): मंत्री जी यह सारी जानकारी दे रहे है, रामदास अग्रवाल जी नें जो पाइंट उठाए हैं, उसके ऊपर ही वह रेप्लाई दे रहे हैं। इसके बाद आप जो प्रश्न करेंगे, उसके ऊपर मंत्री जी आपको जवाब देंगे। बोलिए, मंत्री जी।

You have to be brief because this is half-an-Hour Discussion.

श्री संजय निरूपम: सवाल वह नहीं है। ....(व्यवधान)....

SHRI NAVEEN PATNAIK: Sir, I will be brief. The Department is ..*(Interruption)*...

AN HON. MEMBER: There can be a time over-run also.

SHRI NAVEEN PATNAIK: The Department of steel is doing its best to ensure that the temporary slow-down in demand does not imperil the long-term picture. I mentioned some of the important initiatives taken by my Ministry after March, this year. First we took up the import Duty rationalisation with the Ministry of Finance. The response has been positive. The Budget for the current year has increased, The import duty, across the board, by 4 per cent.

This will give many industries—including the steel industry a more of a level-playing field.

The import duty differenctial on hot roll coils and cold roll coils has been re-introduced. This will help our hot roll coil producres. There are some other factors in this.

Secondly, at our instance, rates for available benefits under the Duty Entitlement Pass Book, which is better known as the DEPB, Scheme have been revised upwards for many items of iron and steel. We have also taken up with the Ministry of Commerce issues related to dumping of steel from several neighbouring countries.

Thirdly, we requested the Railways to desist from raising freight rates. It is gratifying to note that the industry has been spared from any general freight hike during the current year. We have also taken up the issue of high railway freight on the KK line and the Railways are looking into it.

Fourthly, we are addressing the demand side of the current problem. A national campaign to incerase steel consumption has been launched. To promote exports, a Steel Exporters Forum has been established. In the last financial year 1997-98, the nation exported three million tons of steel. That shows that we are global players and we are certainly putting more of a thrust both in the Ministry and also as facilitators of the steel industry; that more of a thrust should be given for export so that by the year 2001-2002 AD we should be able to double our export to six million tons thereby earning valuable foreign exhcnage for our nation.

DR. BIPLAB DASGUPTA: How much are we importing?

SHRI NAVEEN PATNAIK: Certainly, itis not anything near three million tons.

DR. BIPLAB DASGUPTA: What is the amount? *(interruption)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): You will have a chance to put questions. First, let the Minister conclude.

SHRI NAVEEN PATNAIK: We are importing about 1-1/2 million tons. We are importing only half of what we are exporting. Sir, I hope you see the difference. During the last finaical year, the domestic market production of steel has been solid.

It has been put at 23 million tonnes. Sir, when we began it in the First Five-Year Plan, we produced slightly more than one million tonnes only. Today, our nation can be proud of the fact that we are the tenth largest steel producer in the world.

Now, if I may reply to some of the hon. Member's questions; the hon. Member asked about the Durgapur Steel Plant. The hon. Member mentioned about certain complaints and about the cost overrun and the time overrun of the Durgapur Steel Plant.

The hon. Member himself mentioned. I, too, would like to underline the fact that as far as the cost overrun and the time overrun in respect of both the Durgapur and the Rourkela Steel Plants is concerned, it is something which has been inherited by our Government. These have been going on for quite some time, as the hon. Member knows. In regard to the details of the cost and the time overrun, the report of the Comptroller and Auditor-General has already been placed in both the Lok Sabha and the Rajya Sabha during this session.

Also, Sir, I would like to mention about the methods that are now being adopted to try and monitor the matters concerned with our integrated steel plants. The present Government is trying to reduce the delays so that the benefits of our work on modernisation flow easily.

The monitoring is done by the Managing Directors of the steel plants on a day-to-day basis. Then, the Chairman, SAIL, does the monitoring on a monthly basis. The Department of Steel does the monitoring on a quarterly basis; and, at my level, again, on a quarterly basis. The Department of Programme Implementation also comes into the picture. It goes still further. It goes to the Cabinet Secretariat and then to the Prime Minister's Office. These targets are set on, mainly, a monthly basis, as you can see.

Thank you, Sir.

SHRI GURUDAS DASGUPTA: If there are too many co-ordinators, they would spoil the thing.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Mr. Minister, you need not reply to him.

श्री रामदास अग्रवाल: सर, मेरे बहुत सारे प्रश्नों का जवाब नहीं आया।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): अभी जवाब देंगे वह।

श्री रामदास अग्रवाल: सर, मैंने पूछा था.....

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): दूसरों को भी बोलने दें आप।

श्री रामदास अग्रवाल: मैं मना नहीं कर रहा हूं, साहब, उनका तो नाम है उसमें, उनको तो बोलना ही पड़ेगा। अच्छा, आप पहले बोल लीजिए, मैं बाद में बोल लूंगा।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Shri Jibon Roy, please.

SHRI JIBON ROY (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, I wish to put on record that the entire steel industry is really in a crisis. It is not just the SAIL. The entire steel industry is in a crisis. It is because of liberalisation and globalisation. In fact, the hon. Member should support me in opposinig liberalisation and globalisation. The thing is that, during his period, the excise duty has increased from ten to fifteen per cent.

SHRI RAMDAS AGARWAL: Mr. Jibon Roy, you were in the Government when this policy was continued, after the Narasimha Rao Government. You were there. You should have opposed it at that time.

SHRI JIBON ROY: The excise duty increased from ten per cent to fifteen per cent. On the other hand, the customs duty went down from eighty-five per cent to twenty-five per cent. During the last eight years, the capacity increased by ten million tonnes, but the demostic demand increased at the rate of 0.6 per cent.

Obviously, there is crisis. There is a serious crisis. I would suggest to the Government to see that all the producers are brought together

and some understanding is reached among them on the price front as well as on the marketing front. If no understanding is reached, I suggest that you flood the steel market with the products of SAIL. Let them face the music. The only way is that they should work jointly on the question of marketing as well as on the question of pricing. Otherwise, the stock would go on pilling up. When cutthroat competition is there, this 1.4 million tonnes could become two million tonnes and even three million tonnes. Stocks would pile up in our stockyards. Therefore, you should take steps to protect SAIL.

Secondly, three million tonnes are coming from outside, if you take the OGL and the legal route together. Therefore, the Commerce Ministry should initiate the procedure so that anti-dumping duty is imposed on the people who dump steel into the country. What steps have been taken in this regard? The hon. Minister may kindly explain.

Thirdly, Sir, now there is a competition between cement and steel also. In an area where steel could be used but cement should not be used, cement is being used. Railway sleepers, for example. Cement is used for railway sleepers. You cannot keep obsolete sleepers on the side of the rails. It is becoming a jungle of cement. New sleepers have been discovered. You have to take it up with the Railways to see that more and more sleepers are used.

Fourthly, here in Delhi we are building a Memorial House. We wanted to use steel, and we brought a plan from the International Steel Corporation. Urban Development Ministry of the Government of India has rejected it. It does not know that steel is used in construction, in building in a bigger way and a massive way throughout the world. The CPWD norms are the 18th century norms. You have to take it up with the Urban Development Ministry so that steel is used in a bigger way. You can use cement only once, but steel can be alloyed, recycled and re-used. These steps should be taken.

So far as Durgapur and Rourkela are concerned, one thing is that—I come from Durgapur—because of the break-up of the Soviet Union, there were constraints, and there were many difficulties. Because of that, no material was coming from the Soviet Union after its break-up. Otherwise, the development work at Durgapur was much more rapid this time than on previous occasions. But there are serious complaints of corruption, laundering of money, both in Rourkela and Durgapur.

In reply to Rajya Sabha Starred Question No. 371 which did not come up, you have agreed:

> "Complaints/references received in the Ministry alleging irregularities in respect of modernisation projects at Durgapur Steel Plant and Rourkela Steel Plant of SAIL are duly examined in consultation with concerned authorities. As on date, no formal enquiry has been ordered by Ministry of Steel in this regard."

I request you to assure us that steps will be taken, that an enquiry will be made and that whoever is responsible for corruption, would be booked.

That is all. Thank you.

श्री रामदास अग्रवाल: महोदय, इसी संदर्भ में मैं एक प्रश्न पूछना चाहता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): आपको बोलने दिया जाएगा। आपको पहले भी 20 मिनट मिले थे। फिर मिलेगा आपको समय। अभी दवे जी को बोलने दीजिए।

SHRI NAVEEN PATNAIK: Sir, would you like me to answer the hon. Member's question now or would you like me to wait till other Members spoke?

SHRI JIBON ROY: You take them up all together.

श्री अनन्तराय देवशंकर दवे (गुजरात): उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय रामदास जी ने और जीवन रॉय जी ने सारी बातें यहां बताई हैं और बहुत सारे सवाल भी पूछे हैं। निरुपम जी ने जो सवाल उठाया था, उसी से यह डिबेट आगे चली है। मैं मानता हूं कि स्टील इंडस्ट्रीज अभी घाटे में चल रही है और उनका जो कुछ प्रोडक्शन होना चाहिए, वह घट रहा है और मुनाफा भी घट रहा है लेकिन साथ-साथ प्राइवेट सैक्टर में जो इंडस्ट्री है, वह अच्छी तरह से चल रही है, आगे जा रही है। इस बारे में

माननीय रामदास अग्रवाल जी ने कई सवाल पूछे थे और मंत्री महोदय ने जवाब भी दिया है।

श्री संजय निरूपम: उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि आज जो देश में स्टील की डंपिंग हो रही है और मुनाफा घट गया है, प्लांट ओवर-रन हो गए हैं, तो क्या यह सारा नयी पालिसी आने के बाद हुआ है? क्या इस पॉलिसी पर मिनिस्ट्री पुनर्विचार करके कोई ऐसे कदम उठाएगी कि ये जो स्टील इंडस्ट्री है, जो अभी घाटे में जा रही है, उसको हम बचा सकें? क्या मिनिस्टर साहब ऐसा कोई ऐश्योरेंस देंगे कि इस पर पूरी तरह से विचार करके या योजना बनाकर आगे चलना चाहिए?

उपसभाध्यक्ष महोदय, मूल सवाल सेल के इंवेंट्री से जुड़ा हुआ था। तकरीबन 10 से 14 लाख टन स्टील सेल में पड़ा हुआ था। मेरे सवाल के जवाब में मंत्री महोदय ने उस दिन बताया था कि पिछले तीन महीने में सेल का सेल बढ़ा है और इंवेंट्री कम हुई है। जिस प्रश्न पर हाफ-एन-आंवर की नोटिस आई उसमें मेरा प्रश्न यही था कि किस शर्त पर इंवेंट्री कम हुई है। पिछले माह में स्टील बेचा गया, वह किस कीमत पर बेचा गया, कितने क्रेडिट पर बेचा गया और किन पार्टियों को बेचा गया? मेरा सवाल यह था। मंत्री जी, इस सवाल का जवाब नहीं दे पाए थे। मैंने यह पूछा था कि तकरीबन एक हजार करोड़ के आसपास अन-सिक्योर्ड क्रेडिट सेल का पड़ा हुआ है। उस क्रेडिट की वसूली के लिए मिनिस्ट्री क्या कर रही है, सेल क्या कर रहा है? कभी वह वसूली होगी या नहीं होगी और यदि होगी तो कब तक होगी? उतना बड़ा एमाउंट अन-सिक्योर्ड क्रेडिट के तौर पर छोड़ दिया गया उसके लिए जिम्मेदार कौन है इसकी छानबीन होनी चाहिए। महोदय, सेल की इवेंट्री चूंकि बढ़ रही थी इसलिए प्रोफिट कम हो गया और प्रोफिट कम होने के कई कारण थे उसमें से एक कारण था-प्रोडक्शन कॉस्ट। प्रोडक्शन कॉस्ट बढ़ा रहा था। हाई प्रौडक्शन कॉस्ट के कई कारण थे उसमें से एक कारण मेरा मानना है कि वह कौल इंपोर्ट रहा है। सेल तकरीबन 60 से 80 लाख टन कोल हर साल इंपोर्ट करता है। एक हजार से डेढ़ हजार करोड़ रुपए तक इंपोर्ट हो रहा है। अक्सर इंपोर्ट में किकबैक होता है, मुझे उस डिटेल में नहीं जाना है। लेकिन जब-जब हमने अपनी स्टैंडिंग कमेटी में कहा कि आप इंपोर्ट क्यों कर रहे हैं, इसे क्यों नहीं रोक रहे हैं तो हमेशा सेल की ऑथोरिटी की तरफ से, आफिशियल की तरफ से इंपोर्ट करने पर जोर दिया गया इसलिए मुझे शक हो रहा है। मैं नहीं मानता कि जो कुकिंग कौल सेल को यहां चाहिए वह हिन्दुस्तान में उपलब्ध नहीं है। फर्क सिर्फ आँश् कंटेंट का है। मैंने हमेशा अपनी मीटिंग में कहा कि अगर आँश् ज्यादा है तो उसको कम किया जा सकता है, उसके लिए हमारे देश में वाश रज उपलब्ध है। हमारे यहां कोल माईन के पास वाशरीज हैं, उसका पूरा उपयोग नहीं हो रहा है। तो वाशरीज के उपयोग पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने के लिए मंत्रालय क्या कर रहा है, मंत्री महोदय, यह बताने की कोशिश करें? महोदय, कौल इंपोर्टर के संदर्भ में मैं मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। हमारा सेल आस्ट्रेलिया से कोल इंपोर्ट करता है और आस्ट्रेलिया दुनियां का सबसे बड़ा कौल इंपोर्टर है। उसी तरह इस दुनियां का सबसे बड़ा कोल इंपोर्टर जापान है और आस्ट्रेलिया से जापान हर साल तकरीबन 80 मिलियन टन कोल इंपोर्ट करता है इसलिए आस्ट्रेलिया उसी प्राईस पर बाकी देशों को भी कौल देता है जिस प्राईस पर वह जापान को कोल देता है। इस प्राइस का नाम है-जे०एस०एम०, जापानीज स्टील मिल प्राइस। सेल कहता है कि हम जे०एस०एम० प्राईस पर कोल इंपोर्ट करते हैं। मगर जे०एस०एम० प्राइस पर भी बहुत बड़ा घपला हो रहा है। मैं उस घपले की तरफ मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। जापानी लोग बड़े होशियार व्यापारी होते है। जापानी क्या करते हैं कि सार्वजनिक उद्देश्य से एक एग्रीमेंट बनाते है और एक अपने मतलब का एग्रीमेंट बना लेते है। निजी उद्देश्य से। एक एग्रीमेंट पब्लिक होता है दूसरा एग्रीमेंट सीक्रेट होता है। तो जो पब्लिक एग्रीमेंट है उसके हिसाब से प्राइस फिक्स होती है और जो प्राईवेट एग्रीमेंट है उसके हिसाब से प्राईवेट प्राइस फिक्स हो जाती है तो जापानियों को जो आस्ट्रेलियन कम्पनी कोल देती है उसकी एक अलग प्राइस होती है और दुनियां भर में दिखाने के लिए अलग प्राइस होती है और हमारे यहां जे०एस०एम० के अंदर जो पब्लिक प्राइस है उस प्राइस पर कोल इंपोर्ट हो रहा है, यह मैं मंत्री महोदय को बताना चाहता हूं। मेरा आज एक अनस्टार्ड क्वेश्चन था। उस पर मंत्री महोदय का जवाब आया है। मैंने पूछा था कि आखिर किस प्राइस पर आप कोल इंपोर्ट कर रहे हैं? तो बताया गया कि 53.40 यू.एस. डॉलर पर मैट्रिक टन जे.एस.एम. प्राइस का जो प्राईवेट प्राइस है, प्राईवेट सैक्टर का जो प्राइस है। जापान जो अपने लिए जिस प्राइस पर कौल इंपोर्ट करता है वह तकरीबन 45 से 50 डॉलर पर मैट्रिक टन के आसपास होता है, यानी पब्लिक और प्राईवेट प्राइस में 5 डॉलर पर टन का फर्क होता है। यह मैं मंत्री महोदय को बताना चाहता हूं। सेल 60 लाख टन कोल हर साल इंपोर्ट कर रहा है। 60 लाख टन के हिसाब से अगर 5 डॉलर पर टन इधर-उधर हो रहा है तो तकरीबन 300 लाख डॉलर का नुकसान सेल को पहुंचा रहा है। पिछले 5 सालों में 1500 लाख डॉलर का नुकसान हो चुका है।

मैं यह बताना चाहता हूं मंत्री महोदय को, पता नहीं अभी तो नए आए हैं मंत्री जी, उन्होंने कहा भी कि मैं नया हूं। तो मुझे मंत्री जी के प्रति बड़ी सहानुभूति है, सचमुच बहुत सिम्पेथी है लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि पिछले पांच सालों में तकरीबन 1500 लाख डॉलर का नुकसान हो चुका है सिर्फ कोल इम्पोर्ट के नाम पर। अगर हम किक बैक की बात करें तो आप अभी-अभी आए हैं मंत्रालय में लेकिन में बता दूं मेरे पास एक जानकारी है कि कोल इम्पोर्ट में जो किक बैक होता है, तकरीबन 5 डॉलर प्रति टन के हिसाब से किक बैक दिया जाता है और वह आंकड़ा भी 1500 लाख डॉलर के आसपास चला जा रहा है। मैं जानना चाहता हूं कि आखिर यह पैसा कौन खा रहा है? यह पैसा कब तक खाया जाता रहेगा? मैं यही तो मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि मुझे बताया जाए कि सेल के अंदर एक इनक्वायरी सेटअप की जाए कि सेल में सेल के अधिकारियों या किसी भी संख्या के साथ .....(व्यवधान)....

SHRI JOHN F. FERNANDES (Goa): Mr. Vice-Chairman, this is a serious allegation. The Government should inquire into it. Crores and croers of rupees are involved.

SHRI SANJAY NIRUPAM: Let the Minister reply. That is why I am putting this question to the Minister.

कि यह पैसा कौन खा रहा है? कब तक खाएगा और मेरा सवाल सिर्फ इतना है कि कोल डील जो हुई, उसकी सी.बी.आई. से इनक्वायरी क्यों नहीं हो रही है? मेरा इसी से जुड़ा हुआ एक सवाल आज भी अनस्टार्ड क्वेश्चन था, उसका भी जवाब मंत्री महोदय ने दियां मैंने पूछा था कि सी.बी.आई. ने तकरीबन एक साल पहले कोल डील पर सवाल उठाते हुए एक पत्र भेजा था सेल अथॉरिटी के पास।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): आप कोल से स्टील में चले जाएंगे तो जो ओरिजिनल क्वेश्चन है.... (व्यवधान).....

श्री संजय निरूपम: सर, यह सही है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया क्योंकि कोल इम्पोर्ट कर रहा है और कोल इम्पोर्ट करने में बहुत बड़ी रकम का नुकसान हो रहा है।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): यह हाफ एन ऑवर डिसकशन है। आप अभी कोयला इम्पोर्ट करेंगे, फिर कोयला जलाएंगे, फिर कुछ और करेंगे..... (व्यवधान).....

श्री संजय निरूपम: मैं उतना कुछ नहीं करूंगा। तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि सी.बी.आई. इनक्वायरी के लिए एक पत्र भेजा गया था, वह पत्र कहां है? मंत्री महोदय ने कहा कि ऐसा कोई पत्र नहीं आया लेकिन मैं मंत्री महोदय को पिछले साल के न्यूज़पेपर की रिपोर्ट के बारे में बताना चाहता हूं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट है और मुझे लगता है कि इंडियन एक्सप्रेस बहुत भरोसेमंद न्यूज़पेपर है। उसमें लिखा है कि- The Steel Authority of India has reported that they saw a sharp fall in profits for 1996-97; in a sliggish market it is now plagued by inquiries launched by the CBI and the Vigilance Cell against at least six of its top officials."

मंत्री महोदय का जवाब आया है कि ऐसा कोई पत्र नहीं मिला है। मैं अगर चाहूं तो प्रिविलेज नोटिस मूव कर सकता हूं लेकिन मैं नहीं करना चाह रहा हूं। शायद इनको भी घुमा दिया गया होगा यानि सेल में इतने बड़े-बड़े लोग बैठे हुए हैं। तो मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि सी.बी.आई. का वह पत्र कहां है, उस पत्र के बारे में बताया जाए। सेल ने कहा है कि पिछले तीन महीने में हमारी सेल्स बढ़ी है। पिछले तीन महीने में प्रॉफिट कितना बढ़ा है, यह नहीं बताया जा रहा है। इन्होंने सेबी को एक पत्र लिख कर बताया है कि अभी हम आपको प्रॉफिट नहीं बता सकते। क्या मजबूरी है? जबकि एक परंपरा भी है कि हर तीन महीने का जो आपका प्रॉफिट है, वह सेबी को बताना है, टोटल खर्चा बताना है। उस रिपोर्ट से मैं बता रहा हूं- The Steel Authority of India Ltd., has expressed its inability to declare its first quarter financial results due to certain operational difficulties." ये डिफिकल्टीज़ क्या है? क्यों छिपाया जा रहा है इनको? मंत्री महोदय अगर आज यह सदन में बता दें तो बड़ी मेहरबानी होगी कि पिछले तीन महीने में आखिर कितना प्रॉफिट हुआ और टोटल रिज़ल्ट क्या रहा है? अगर छिपाया जा रहा है तो क्यों छिपाया जा रहा है?

इसी से जुड़े हुए एक-दो प्वाइंट और रखना चाहता हूं कि सेल पर लगातार कर्ज़ का बोझ बढ़ता जा रहा है। मैं लेकर आया हूं पब्लिक सेक्टर यूनिट्स की जो सर्वे रिपोर्ट है, इस रिपोर्ट के हिसाब से तीन साल पहले फॉरेन डेट जो हमारे यहां था, जो विदेशी कर्ज़ा सेल के ऊपर था, वह 20 हज़ार करोड़ के आसपास था। तीन साल पहले 20 हज़ार करोड़ था, एक साल बाद घट कर 19 हज़ार करोड़ होता है और पिछले साल यह कर्ज़ा बढ़ कर 22 हज़ार

करोड़ हो जाता है। ये विदेशी कर्ज़ की हालत है, जो छोटे-मोटे डेटर्स होते हैं, उनका कर्ज़ा भी बढ़ता जा रहा है। 16 हज़ार करोड़ तीन साल पहले था, दो साल पहले 19 हज़ार करोड़ हो गया और पिछले साल 20 हज़ार करोड़ हो गया यानि कर्ज़ बढ़ता चला जा रहा है सेल के ऊपर। 15 हज़ार करोड़ रुपए सेल सिर्फ अपने कर्ज़ पर बतौर इंटरेस्ट पे कर रहा है हर साल। मैं पूछना चाहता हूं कि सेल की डेट ईक्विटी रेशियो क्या है? मैं बता दूंगा उसमें एक प्वाइंट जोड़ते हुए मेरी जानकारी है कि 2.5 रेशियो उनकी डेट ईक्विटी शेयर हो गई है। आम तौर पर जो कॉमर्स के जानकर होते हैं, जो फाइनेंशियल लाईन के लोग होते हैं, उनको जानकारी होगी कि 2.1 तक तो बरदाश्त किया जा सकता है जिस कंपनी की डेट ईक्विटी रेशियो ....(**व्यवधान**).....

SHRI JIBON ROY: Mr. Vice-Chairman, Sir, if the House agrees, let there be a discussion on the working of the Ministry of Steel Industry.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): The Chairman has permitted this Half-an-Hour Discussion.

SHRI JIBON ROY: The scope of this discussion is being widened and widened.

So, I suggest let there be a full-fledged discussion on the working of the Ministry of Steel Industry.

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): स्टील के मामले पर सवाल है.....(**व्यवधान**).....प्लीज कम टू दी प्वाइंट.

श्री संजय निरूपम: अंत में सर, एक दो सवाल और रह गये हैं। सेल में पिछले कुछ दो सालों में 20 हजार करोड़ रुपये माडर्नाइज़ेशन के नाम पर खर्च किये गये। 20 हजार करोड़ रुपये सैल ने अपने डिफरेंट स्टील प्लांट्स के....(**व्यवधान**).....

SHRI SANJAY NIRUPAM: Mr. Roy, this question is very much related to SAIL.

SHRI JIBON ROY: It is not SAIL. Your original question was stockpiling. Now, you are going.....(*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Don't do so much of stockpiling, Mr. Nirupam. (*Interruptions*).

श्री राजू भाई ए॰ परमार: हमारे संजय निरूपम जी इतने अच्छे ईशूज स्टील मिनिस्टरी के ला रहे हैं, उनको बोलने दिया जाए। ....(**व्यवधान**).....वह इतने अच्छे प्वाइंट्स ला रहे हैं, इसमें क्या गलती है?..... (**व्यवधान**).....

श्री संजय निरूपम: कृपया मुझे बोलने दीजिए।

SHRI JIBON ROY: Sir, it cannot take place like this. If modernisation has to be discussed, if the entire SAIL is to be discussed, we also want to speak something.

SHRI SANJAY NIRUPAM: Then, why did you discuss Durgapur?

SHRI JIBON ROY: We have limited ourselves only to marketing. (*Interruptions*). If it is to be discussed, it is good. Time should be given to all and it should be on the agenda.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Mr. Roy, you have had your chance. You have put your questions. Please allow him now.

